# विज्ञप्ति / प्रेस नोट

उ0प्र0 अनुसूचित जनजाति शैक्षणिक एवं आर्थिक विकास समिति–लखनऊ
(निदेशालय, जनजाति विकास, उ0प्र0 लखनऊ)

जनजाति विकास विभाग द्वारा जनपद लखीमपुर–खीरी के विकासखण्ड पलिया सीमान्तवर्ती जनजाति बाहुल्य क्षेत्र में संचालित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय सोनहा में शैक्षणिक सत्र 2022–23 हेतु रिक्त विभिन्न शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक पदों पर नेस्ट के माध्यम से नियमित नियुक्ति होने तक / नेस्ट द्वारा अग्रेत्तर निर्देश प्राप्त होने तक अथवा एक शैक्षणिक वर्ष जो भी पहले हों, उक्त विद्यालय के सामान्य संचालन हेतु वांछित / अति महत्वपूर्ण पदों पर पूर्ण रूप से अंशकालिक / अतिथि शिक्षक व शिक्षणेत्तर कार्मिक प्रतिकाल खण्ड / प्रतिदिन के मानदेय के आधार पर नवीन नियुक्ति / सेवानिवृत्त कर्मचारी रखे जाने का निर्णय लिया गया है। चयन का आधार शैक्षणिक / सह शैक्षणिक, व्यवसायिक योग्यता एवं सम्बन्धित विषय के अनुभव के आधार पर प्राप्त अंकों की मेरिट से लिया जायेगा। प्रत्येक सवर्ग / विषय हेतु मेरिट के प्रथम से पॉच अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा।

मेरिट में प्राप्त अंकों एवं साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के योग के आधार पर चयन समिति द्वारा चयनित अभ्यर्थियों की पृथक–पृथक ज्येष्ठता सूची तैयार कर चयन समिति द्वारा चयन किया जायेगा। विज्ञापन सम्बन्धी सम्पूर्ण जानकारी उ0प्र0 अनुसूचित जनजाति शैक्षणिक एवं आर्थिक विकास समिति (निदेशालय, जनजाति विकास, उ0प्र0 लखनऊ) के वेबसाइट http://www.uptdd.gov.in एवं जनपद लखीमपुर–खीरी के वेबसाइट https://kheri.nic.in पर उपलब्ध है।

आवेदन पत्र पंजीकृत डाक द्वारा दिनांक 21–05–2022 तक प्रधानाचार्य, एकलव्य माडल आवासीय विद्यालय सोनहा, चंदनचौकी, जिला लखीमपुर–खीरी, उ0प्र0 (पिन कोड 262902) में प्राप्त किया जायेगा। अन्तिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर विचार नही किया जायेगा।

**(महेन्द्र बहादुर सिंह)**
जिलाधिकारी
लखीमपुर–खीरी।

## कार्यालय :– जिलाधिकारी, लखीमपुर–खीरी।

पत्रांक C-15 / परि0 / एकलव्य मा0आ0वि0 / प्रेस विज्ञप्ति / 2022–23 दिनांक 26-04-2022
प्रतिलिपि– निम्नलिखित की सेवा मे सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक, जनजाति विकास, उ0प्र0 लखनऊ।
2. मुख्य विकास अधिकारी, लखीमपुर–खीरी।
3. परियोजना अधिकारी, एकीकृत जनजाति विकास परियोजना, चंदनचौकी–खीरी।
4. प्रधानाचार्य, एकलव्य माडल आवासीय विद्यालय, सोनहा, चंदनचौकी–खीरी।
5. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, लखीमपुर–खीरी को इस निर्देश के साथ कि संलग्न विज्ञापन को लखीमपुर–खीरी की वेबसाइट पर प्रकाशित कराना सुनिश्चित करें।
6. सम्पादक दैनिक जागरण एवं अमर उजाला को इस आशय के साथ कि उक्त विज्ञापन को न्यूनतम सरकारी दर पर प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

25.04.22

जिलाधिकारी
लखीमपुर–खीरी।

# उ0प्र0 अनुसूचित जनजाति शैक्षणिक एवं आर्थिक विकास समिति–लखनऊ
## (निदेशालय, जनजाति विकास, उ0प्र0 लखनऊ)

जनजाति विकास विभाग द्वारा जनपद लखीमपुर–खीरी के विकासखण्ड पलिया के सीमान्तवर्ती जनजाति बाहुल्य क्षेत्र में संचालित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय सोनहा में शैक्षणिक सत्र 2022–23 हेतु रिक्त विभिन्न शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक पदों पर नेस्ट के माध्यम से नियमित नियुक्ति होने तक/नेस्ट द्वारा अग्रेत्तर निर्देश प्राप्त होने तक अथवा एक शैक्षणिक वर्ष जो भी पहले हों, उक्त विद्यालय के सामान्य संचालन हेतु वांछित/अति महत्वपूर्ण पदों पर पूर्ण रूप से अंशकालिक/अतिथि शिक्षक व शिक्षणेत्तर कार्मिक प्रतिकाल खण्ड/प्रतिदिन के मानदेय के आधार पर नवीन नियुक्ति/सेवानिवृत्त कर्मचारी रखे जाने का निर्णय लिया गया है। चयन का आधार शैक्षणिक/सह शैक्षणिक, व्यवसायिक योग्यता एवं सम्बन्धित विषय के अनुभव के आधार पर प्राप्त अंकों की मेरिट से लिया जायेगा। प्रत्येक सवर्ग/विषय हेतु मेरिट के प्रथम से पॉच अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा।

मेरिट में प्राप्त अंकों एवं साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के योग के आधार पर चयन समिति द्वारा चयनित अभ्यर्थियों की पृथक–पृथक ज्येष्ठता सूची तैयार कर चयन समिति द्वारा चयनित किया जायेगा। पूर्ण रूप से अंशकालिक/अतिथि शिक्षक व शिक्षणेत्तर कार्मिक प्रतिकाल खण्ड/प्रतिदिन के पद एवं मानदेय निम्नानुसार है–

| क0 सं0 | पदनाम | अर्हता | मानदेय | सेवाकाल | पदों की संख्या | आयु (01–01–2022 तक) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उप प्रधानाचार्य | नेस्ट द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप | रू0 1870/– | प्रतिदिन | 01 | 60 से 68 (सेवानिवृत्त) |
| 2 | प्रवक्ता, जीव विज्ञान | तदैव | रू0 396/– | प्रति कालखण्ड तथा प्रतिदिन अधिकतम 4 कालखण्ड | 01 | नवीन अभ्यर्थियों हेतु न्यूनतम 21 वर्ष से अधिकतम 40 वर्ष तथा सेवानिवृत्त हेतु 60 से 68 वर्ष |
| 3 | प्रवक्ता, भौतिक विज्ञान | तदैव | रू0 396/– | तदैव | 01 | तदैव |
| 4 | प्रवक्ता, इतिहास | तदैव | रू0 396/– | तदैव | 01 | तदैव |
| 5 | प्रवक्ता, भूगोल | तदैव | रू0 396/– | तदैव | 01 | तदैव |
| 6 | सहा0अध्या0 अंग्रेजी | तदैव | रू0 374/– | तदैव | 01 | तदैव |
| 7 | व्यायाम शिक्षक (महिला) | तदैव | रू0 295/– | तदैव | 01 | तदैव |
| 8 | सहा0अध्या0 सामाजिक विज्ञान | तदैव | रू0 374/– | तदैव | 01 | तदैव |
| 9 | सहा0अध्या0 गणित | तदैव | रू0 374/– | तदैव | 01 | तदैव |
| 10 | सहा0अध्या0 संगीत | तदैव | रू0 295/– | तदैव | 01 | तदैव |
| 11 | कनिष्ठ सहायक | तदैव | रू0 663/– | प्रतिदिन | 02 | तदैव |
| 12 | मेडिकल अटेन्डेन्ट | तदैव | रू0 973/– | प्रतिदिन | 02 (1 महिला, 1 पुरूष) | तदैव |
| 13 | लैब अटेन्डेन्ट | तदैव | रू0 850/– | प्रतिदिन | 03 (1 महिला, 2 पुरूष) | तदैव |
| 14 | हास्टल वार्डेन | तदैव | रू0 973/– | प्रतिदिन | 01 | तदैव |
| 15 | केयर टेकर | तदैव | रू0 850/– | प्रतिदिन | 02 (1 महिला, 1 पुरूष) | तदैव |

राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/विकलांग/भूतपूर्व सैनिक/महिला उम्मीदवार एवं अन्य संवर्ग को नियुक्ति हेतु आयु सीमा में प्रदान किये जाने वाली छूट देय होगी।

अतिथि शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कार्मियों के प्रतिदिन मानदेय के आधार पर चयन हेतु उक्त तालिका में आगणित पदवार/विषयवार रिक्तियों के अनुसार आवेदन पत्र आमंत्रित किये जायेगें। अभ्यर्थियों का चयन करने के लिए पदवार/विषयवार पृथक–पृथक जेष्ठता सूची (मेरिट लिस्ट) बनायी जायेगी। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में प्रतिदिन/कालखण्ड मानदेय के आधार पर शैक्षणिक पदों पर चयन मेरिट के आधार पर किये जाने हेतु गुणांक अंकों का निर्धारण निम्न प्रकार किया जायेगा।

| क0सं0 | परीक्षा/उपाधि का नाम | गुणांक अंक |
|---|---|---|
| 1 | हाईस्कूल | प्राप्तांक का प्रतिशत X05/100 |
| 2 | इण्टरमीडिएट | प्राप्तांक का प्रतिशत X10/100 |
| 3 | स्नातक | प्राप्तांक का प्रतिशत X15/100 |
| 4 | परास्नातक | प्राप्तांक का प्रतिशत X20/100 |
| 5 | प्रशिक्षण | प्राप्तांक का प्रतिशत X20/100 |
| 6 | आवेदित पद का कार्य अनुभव | प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिए 02 अंक अधिकतम 10 अंक तक, जो भी कम हो |
| 7 | साक्षात्कार | 20 अंक |

चयन समिति द्वारा उपर्युक्त तालिका के क्रमांक 01 से 06 तक अंकित रीति द्वारा प्राप्त आवेदन पत्रों के आधार पर मेरिटवार सूची तैयार करते हुए प्रत्येक संवर्ग/विषय हेतु मेरिट के प्रथम 05 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा। मेरिट के प्राप्त अंको एवं साक्षात्कार के प्राप्त अंकों के योग के आधार पर चयन समिति द्वारा चयनित अभ्यर्थियों की पृथक-पृथक ज्येष्ठता सूची तैयार की जायेगी। उपरोक्तानुसार मेरिट सूची तैयार करते समय संबंधित पद हेतु अनिवार्य एवं अधिमानी योग्यताओं को ही संज्ञान में लिया जायेगा। (उदाहरणार्थ जिस पद हेतु परास्नातक अनिवार्य नही है। उस पद हेतु परास्नातक के अंकों को संज्ञान में नही लिया जायेगा।)

यदि दो या दो से अधिक गुणांक अंक समान हो तो ऐसे अभ्यर्थी का नाम जो आयु में ज्येष्ठ हो सूची में उच्चतम स्थान पर रखा जायेगा।

यदि दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों के गुणांक अंक व आयु समान हो तो अभ्यर्थी का नाम अंग्रेजी वर्णमाला कम में रखा जायेगा।

सेवानिवृत्त कार्मिकों हेतु निर्धारित योग्यताएं/अर्हताएं निम्नवत् होगी :-

1. उप प्रधानाचार्य के पद पर कार्य करने हेतु ऐसे सेवानिवृत्त कार्मिक पात्र होगें जो शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित इण्टरमीडिएट स्तरीय विद्यालय से प्रधानाचार्य/उप प्रधानाचार्य/प्रवक्ता के पद से सेवानिवृत्त हो तथा भारत के निवासी हों। अभ्यर्थी का शिक्षा विभाग के इण्टर स्तरीय कालेज के प्रधानाचार्य/उप प्रधानाचार्य/प्रवक्ता के पद से सेवानिवृत्त होने का सुसंगत अभिलेखीय प्रमाण आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना होगा। अभ्यर्थी की आयु आवेदन के दिनांक को 60 से 68 वर्ष के मध्य हो। अभ्यर्थी का सेवानिवृत्त होने से पूर्व 05 वर्षो का कार्य एवं आचरण संतोषजनक रहा हो। शिक्षा विभाग से इस संबंध में प्रमण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. अध्यापक (पी0जी0टी0 ग्रेड कक्षा-11 से 12) के पद पर कार्य करने हेतु ऐसे सेवानिवृत्त कार्मिक पात्र होगे जो शिक्षा विभाग के राजकीय इण्टर कालेज अथवा अशासकीय सहायता प्राप्त इण्टर कालेज के प्रवक्ता पद से सेवानिवृत्त हुये हो एवं तत्सम्बन्धी सुसंगत अभिलेखीय प्रमाण पत्र आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना होगा। अभ्यर्थी को शिक्षा विभाग का प्रमाण पत्र आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना होगा कि उनका सेवानिवृत्त होने से पूर्व 05 वर्षो का कार्य एवं आचरण संतोषजनक रहा हो, इस आशय का शिक्षा विभाग से निर्गत पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. अध्यापक (टी0जी0टी0 ग्रेड कक्षा-6 से 10) के पद पर कार्य करने हेतु ऐसे सेवानिवृत्त कार्मिक पात्र होगे जो प्रदेश के राजकीय हाईस्कूल/इण्टर कालेज अथवा अशासकीय सहायता प्राप्त हाईस्कूल/इण्टर कालेज से स्नातक वेतनमान (एल0टी0 ग्रेड) के पद से सेवानिवृत्त हुये हों एवं तत्सम्बन्धी सुसंगत अभिलेखीय प्रमाण आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना होगा। अभ्यर्थी का सेवानिवृत्त होने से पूर्व 05 वर्षो का कार्य एवं आचरण संतोषजनक रहा हो, इस आशय का शिक्षा विभाग से निर्गत पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

| क0 | पदनाम | आयु सीमा | शैक्षणिक एवं अन्य आर्हतायें |
|---|---|---|---|
| 1 | उप प्रधानाचार्य | 60 से 68 वर्ष | 1-मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से परास्नातक।<br>2-मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से बी0एड0 अथवा समकक्ष उपाधि।<br>3-सी0बी0एस0ई0 द्वारा आयोजित सी0टी0ई0टी0 परीक्षा के द्वितीय प्रश्नपत्र में उत्तीर्ण।<br>4-हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में पढाने में प्रवीण।<br>5-किसी केन्द्रीय/राज्य सरकार/केन्द्र के स्वायत्तशासी संस्था/राज्य के स्वायत्तशासी संस्था में पी0जी0टी0/प्रवक्ता पद, लेवल-8 (47600-151100) पर कार्य करने का दो वर्ष का अनुभव।<br>6-वांछित- किसी आवासीय विद्यालय में कार्य करने का 03 वर्ष का अनुभव। |
| 2 | प्रवक्ता पी0जी0टी0 | 21 से 40 वर्ष | 1-रीजनल कालेज आफ एजूकेशन एनसीईआरटी से संबंधित विषय में 50 प्रतिशत अंकों के साथ दो वर्षीय इन्टीग्रेटेड पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स उत्तीर्ण अथवा<br>2-मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से 50 प्रतिशत अंकों के साथ विषय के सम्मुख अंकित विषय में परास्नातक।<br>3-किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी0एड0 अथवा समकक्ष उपाधि (पी0जी0टी0 आई0टी0 हेतु लागू नही)।<br>4-हिन्दी अंग्रेजी माध्यम से पढाने में निपुणता। |
| | 1-जीव विज्ञान | 21 से 40 वर्ष | बाटनी/जूलोजी/लाइफ साइंसेज/बायोसाइंसेज/जेनेटिक्स/माइकोबायालोजी /बायोटेक्नालाजी/प्लाट फिजियालजी/मालीक्यूलर बायोलाजी- प्रतिबन्ध यह है कि अभ्यर्थी ने स्नातक स्तर पर जूलोजी एवं बाटनी का अध्ययन किया हो। |
| | 2-भौतिक विज्ञान | 21 से 40 वर्ष | फिजिक्स/एप्लाइड फिजिक्स/न्यूक्लियर फिजिक्स। |
| | 3-इतिहास | 21 से 40 वर्ष | इतिहास विषय। |
| | 4-भूगोल | 21 से 40 वर्ष | भूगोल विषय अनिवार्य। |
| 3 | सहायक अध्यापक (टी0जी0टी0) | 21 से 40 वर्ष | 1-एन0सी0ई0आर0टी0 के रिजनल कॉलेज ऑफ एजूकेशन से 50 प्रतिशत अंक के साथ 04 वर्षीय इन्टीग्रेटेड कोर्स उत्तीर्ण। अथवा<br>2-50 प्रतिशत अंकों के साथ संबंधित विषय/विषयों के संयोजन के साथ स्नातक उपाधि।<br>3-किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी0एड0 अथवा समकक्ष उपाधि।<br>4-सी0टी0ई0टी0 अथवा एस0टी0ई0टी0 का द्वितीय प्रश्नपत्र उत्तीर्ण।<br>5-हिन्दी, अंग्रेजी माध्यम से पढाने में निपुणता। |
| | सहा0अध्या0 अंग्रेजी | 21 से 40 वर्ष | स्नातक के प्रत्येक वर्ष में अंग्रेजी एक विषय के रूप में। |
| | सहा0अध्या0 सामाजिक विज्ञान | 21 से 40 वर्ष | स्नातक स्तर पर मुख्य विषय के रूप में निम्नलिखित मे से कम से कम दो विषय इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान जिसमें से कम से कम एक विषय इतिहास अथवा भूगोल अवश्य रहा हो। |
| | सहा0अध्या0 गणित | 21 से 40 वर्ष | स्नातक स्तर पर मुख्य विषय के रूप में गणित तथा निम्नलिखित मे से कम से कम दूसरे विषय के रूप में - फिजिक्स, कैमिस्ट्री, इलेक्ट्रॉनिक्स, कम्प्यूटर साइंस, इकोनॉमिक्स, कॉमर्स, सांख्यिकी। |
| 4 | व्यायाम शिक्षक | 21 से 40 वर्ष | 1-एन0सी0टी0ई0 के मानक के अनुसार 55 प्रतिशत अंकों के साथ फिजिकल एजूकेशन में स्नातक उपाधि। अथवा बी0एस0सी0 (हेल्थ एण्ड फिजिकल एजूकेशन) की उपाधि। अथवा<br>2-एन0सी0टी0ई0 के मानक के अनुसार 55 प्रतिशत अंकों के साथ बी0पी0एड0 की उपाधि/बी0पी0एड0 (इन्टीग्रेटेड) 04 वर्षीय प्रोफेशनल डिग्री। अथवा |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | 3–एन0सी0टी0ई0 के मानक के अनुसार 55 प्रतिशत अंकों के साथ बी0पी0एड0 की उपाधि अथवा 50 प्रतिशत अंकों के साथ 03 वर्षीय बी0पी0ई0 कोर्स (अथवा इसके समकक्ष) तथा 02 वर्षीय एम0पी0एड0 पाठ्यक्रम उत्तीर्ण। |
| 5 | संगीत शिक्षक | 21 से 40 वर्ष | 1–अनिवार्य योग्यतायें–1–सीनियर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा/इण्टरमीडिएट परीक्षा 50 प्रतिशत अंकों के साथ अथवा समकक्ष तथा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से म्यूजिक में स्नातक/परास्नातक उपाधि। अथवा समकक्ष<br>2–हिन्दी अंग्रेजी माध्यम से पढाने में दक्षता।<br>3–वांछनीय–कम्प्यूटर एप्लीकेशन का ज्ञान।<br>4–संगीत अध्यापक के रूप में तीन वर्ष के कार्य करने का अनुभव। |
| 6 | कनिष्ठ सहायक | 21 से 40 वर्ष | अनिवार्य–1–मान्यता प्राप्त बोर्ड अथवा विश्वविद्यालय से सीनियर सेकेण्डरी (कक्षा–12 उत्तीर्ण) अथवा समकक्ष उपाधि<br>2–अंग्रेजी में 30 शब्द प्रति मिनट अथवा हिन्दी में 25 शब्द प्रति मिनट की टाइपिंग स्पीड।<br>वांछित–1–किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कम्प्यूटर में डिप्लोमा अथवा विद्यालय स्तर पर कम्प्यूटर लिटरेसी सर्टिफिकेट।<br>2–किसी सरकारी अथवा अर्द्धसरकारी अथवा स्वायत्त संस्था में कार्य करने का प्रशासनिक अनुभव। |
| 7 | मेडिकल अटेन्डेन्ट | 21 से 40 वर्ष | अनिवार्य–1– सेकेन्डरी एग्जामिनेशन (कक्षा–12) अथवा समकक्ष एवं ग्रेड ए (तीन वर्षीय) डिप्लोमा/किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से नर्सिंग में प्रमाण पत्र । अथवा<br>2–किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से बी0एस0सी0 (नर्सिंग)।<br>3–किसी हॉस्पिटल अथवा क्लीनिक में 02 वर्ष का प्रक्टिकल अनुभव।<br>वांछित–1–हिन्दी/क्षेत्रीय भाषा का कार्यात्मक ज्ञान।<br>2–भारतीय/राज्य नर्सिंग काउंसिल में पजीकृत। |
| 8 | लैब अटेन्डेन्ट | 21 से 40 वर्ष | 1–किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी0एस0सी0 की उपाधि।<br>2–इनस्ट्रूमेन्ट्स तथा एप्लाइन्सेज की हैण्डलिंग का अनुभव।<br>वांछनीय – कम्प्यूटर पर कार्य करने का ज्ञान। |
| 9 | हास्टल वार्डेन | 21 से 40 वर्ष | 1–किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि।<br>2–सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी विश्वविद्यालय के छात्रावास में 05 वर्ष का अध्यापन अथवा प्रशासनिक अनुभव। |
| 10 | केयर टेकर | 21 से 40 वर्ष | 1–अनिवार्य–सीनियर सेकेण्डरी (कक्षा–12 उत्तीर्ण)।<br>2–सिक्योरिटी एवं मेन्टीनेंस में 05 वर्ष का अनुभव।<br>3–आपात परिस्थितियों से निपटने हेतु अच्छा स्वास्थ्य एवं आयोजन संबंधी योग्यता।<br>4–हिन्दी एवं अंग्रेजी का अच्छा ज्ञान।<br>5–एक्स सर्विसमेन को वरीयता। |

**नोटः–**

1. आवेदित लिफाफे पर विज्ञापन संख्या, दिनांक तथा जिस पद के लिए आवेदन किया जा रहा है उस पद का नाम अवश्य अंकित किया जाय।
2. एक से अधिक पदों पर आवेदन करने के लिए अलग–अगल आवेदन करना अनिवार्य होगा।
3. स्वयं का पता लिखे 2 लिफाफे जिन पर रजिस्टर्ड डाक हेतु डाक टिकट चस्पा कर आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
4. आयु में नियमानुसार आरक्षण प्राप्त करने के लिए तहसील द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

# एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक/गैर शैक्षणिक पदों पदों पर प्रति कालखण्ड/प्रतिदिन मानदेय के आधार पर सेवा प्रदान किये जाने हेतु आवेदन पत्र

फोटो

1. आवेदित पद का नाम ........................................................................
2. विषय (यदि कोई हो) ........................................................................
3. आवेदित विद्यालय का नाम ........................................................................
4. आवेदक का नाम ........................................................................
5. आवेदक के पिता/पति का नाम ........................................................................
6. जन्मतिथि (अंको में) तिथि .......... माह .......... दिन ..............
7. आयु (दिनांक 01–01–2022 को) ....... वर्ष ........ माह ....... दिन .......
8. आवेदक का स्थायी पता ........................................................................
9. आवेदक का पत्राचार हेतु पता ........................................................................
10. आवेदक का ई–मेल आई0डी0 ........................................................................
11. आवेदक का मोबाइल नं0 ........................................................................

**12. शैक्षणिक/व्यवस्थासिक योग्यताओं का विवरण :–**

| क0 सं0 | परीक्षा/उपाधि का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | विषय | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हाईस्कूल | | | | | | |
| 2 | इण्टरमीडिएट | | | | | | |
| 3 | स्नातक | | | | | | |
| 4 | स्नातकोत्तर | | | | | | |
| 5 | बी0एड0 | | | | | | |
| 6 | अन्य | | | | | | |

13. आवेदित पद हेतु कार्यानुभव

| क0सं0 | कार्यालय का नाम व पूर्ण पता | पद का नाम | कार्यावधि (दिनांक ... से दिनांक .... तक) | कार्यावधि (..........वर्ष ......माह....... दिन) |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

14. संलग्न स्व–प्रमाणित प्रमाण पत्रों/अंक पत्रों की सूची :

क–हाईस्कूल अंक पत्र व प्रमाण पत्र
ख–इण्टरमीडिएट अंक पत्र व प्रमाण पत्र
ग–स्नातक अंक पत्र व प्रमाण पत्र
घ–परास्नातक अंक पत्र व प्रमाण पत्र
ङ–बी0एड0 अंक पत्र व प्रमाण पत्र
च–अन्य अनिवार्य योग्यताओं सम्बन्धी अंक पत्र प्रमाण पत्र
छ–आधार कार्ड की प्रति
ज–सेवानिवृत्त आवेदन हेतु जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा निर्गत फिटनेस प्रमाण पत्र एवं संतोषजनक कार्य एवं आचरण सम्बन्धी प्रमाण पत्र
झ–घोषणा पत्र

आवेदक के हस्ताक्षर

## घोषणा पत्र

मैं प्रमाणित करती/करता हूँ कि आवेदन पत्र में दिये गये सभी विवरण मेरी जानकारी के अनुसार सत्य हैं तथा इनमें दी गयी जानकारी असत्य पाये जाने पर मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

मैं यह भी प्रमाणित करती/करता हूँ कि मैं पूर्ण रूप से अवगत हूँ कि आवेदित किये जा रहे पद हेतु प्रदान की जाने वाली मेरी सेवायें प्रति कालखण्ड/प्रतिदिन के मानदेय के आधार पर हैं एवं उक्त सेवाओं के आधार पर मेरे द्वारा किसी प्रकार के स्थायीकरण तथा किसी अन्य चयन प्रक्रिया में किसी प्रकार की वरीयता का दावा प्रस्तुत नही किया जायेगा।

आवेदक के हस्ताक्षर

दिनांक : आवेदक का नाम –
स्थान : आवेदक का पता–

नोट :– आवेदन पत्र अपूर्ण होने पर निरस्त कर दिया जायेगा।